डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 19 | अंक 115 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 07 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

## टेंपो में मिले गौवंश, एक गिरफ्तार

**सुवासरा, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने बुधवार रात अवैध रूप से ले जाए जा रहे तीन गोवंश को बचाया। स्थानीय नागरिक की सूचना पर ये कार्रवाई की गई।

सुवासरा थाना पुलिस के मुताबिक नितेश पिता गोविंद सोनी द्वारा सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने जमुनिया -हांसपुरा मार्ग पर नाकाबंदी कर एक लोडिंग टेम्पो को रोका। वाहन की तलाशी के दौरान उसमें तीन गोवंश मिले। पुलिस ने मौके से वाहन चालक घनश्याम बागरी पिता दौलत राम बागरी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी यह गोवंश कहां से लाया था और कहां ले जाया जा रहा था, इस बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है।








## सिर्फ कागजो में रुपया लगाने से मतलब...


# करोड़ों रुपये कर चुके खर्च, अभी और लगाएंगे

### प्रयोगशाला बन गया तेलिया तालाब, सौंदर्यीकरण के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई कर दी बर्बाद

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। शहर में पिकपिक स्पॉट या दो पल सुकून के गुजारने के लिए एक मात्र जगह है, तेलिया तालाब। लेकिन, इस तेलिया तालाब को ही जिम्मेदारों ने अस्त व्यस्त कर दिया। प्रयोगशाला की तरह यहां नए-नए प्रयोग किए गए। करीब ढाई करोड़ रुपया सौंदर्यीकरण के नाम पर खर्च किया जा चुका है। लेकिन, नतीजा कुछ नहीं निकला। निर्माण के समय गुणवत्ता की जांच नहीं की गई। इसके बाद रुपया खर्च कर लगाए गए संसाधनों की देखरेख ही नहीं हो पा रही। जिसके कारण शहर का एकमात्र पिकनिक स्पॉट करोड़ो रुपया खर्च करने के बाद भी शांति और सुकून नहीं दे पा रहा है।**

#### पहले 60 लाख खर्च, अब फिर से तैयारी...

नगरपालिका ने तेलिया तालाब को मानो प्रयोगशाला ही समझ लिया है। दो साल पहले ही सौदर्यीकरण के नाम पर गौरव दिवस के मौके पर 60 लाख से अधिक के काम हुए था। इसके कुछ साल पहले नजर डाले तो झूले-चकरी और अन्य संसाधनों पर भी लाखों रुपए खर्च किए गए। अब फिर से पौने दो करोड़ का सौदर्यीकरण प्रोजेक्ट तैयार किया जा चुका है। जिसे स्वीकृति के लिए भी भेजा जा चुका है। सौदर्याकरण के नाम पर अनेक प्रोजेक्ट बने और काम भी हुआ लेकिन जमीन स्तर पर जहां लोग सुबह घुमने आते है और जिलेभर से अनेक लोग यहां सैर सपाटे के लिए पहुंचते हैं।



यहां बैठने तक की उचित व्यवस्था नहीं है। नपा की अनदेखी के कारण पूरा तैलिया तालाब खंडहर होता जा रहा है। शहर के बीचो बीच स्थित तालाब पर नपा की सकारात्मक नजरें नहीं पहुंच रही है। इसी कारण दिनोंदिन इसकी स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।

#### यह है स्थिति...

बच्चों के लिए लगे झूले, फिसलपट्टी से लेकर अन्य उपकरण पूरी तरह टूट चुके हैं तो कई जगहों पर पेवर ब्लॉक धंसने से लेकर बाहर आने लगे है। सीसी रोड का सरफेस ही उड़ गया है। पानी व पाल के समीप निर्माण पर बड़ी-बड़ी दरारें निकल आई है। लोगों के घुमने के लिए बने पॉथवे पर बाउंड्री व रैलिंग गिरकर धराशायी हो चुकी है। पूरे तालाब क्षेत्र में की गई लाईटिंग टूटकर गिर चुकी है। पानी पीने से लेकर बैठने और पिकनिक स्थल पर सुविधाघर तक के लिए उपयुक्त व्यवस्था नहीं है। दो साल पहले गौरव दिवस पर ही गेट को बदला था, वह भी अब खराब होने लगा है। बावजूद नपा का अमला जहां सौदर्यीकरण के नाम पर लाखों का व्यय कर रहा है और जहां अत्यधिक लोग घुमने के लिए पहुंचते है। वहीं पर अधिकारी देखने तक नहीं पहुंच रहे है।

#### इनका कहना...

तेलिया तालाब पर सौंदर्यीकरण को लेकर काम किया जा रहा है। 1.80 करोड़ का प्रोजेक्ट सौंदर्यीकरण को लेकर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। जल्द ही इस पर काम भी शुरु होने की उम्मीद है।

**सुधीर कुमार सिंह**
**सीएमओ, नपा मंदसौर**

## तेलिया तालाब भरने में प्रमुख बुगलिया केनाल पर एप्रोच रोड़ मामले में...

# ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष तोमर ने अज्ञात में एफआईआर पर उठाए सवाल ?

### पुलिस कप्तान को लिखा पत्र, कहा कि जब इस मामले में मेडिकल कॉलेज की डीन का पत्र ज्ञात है,नगर पालिका सीएमओ की कार्यवाही ज्ञात है, पीडब्ल्यूडी अधिकारी की भूमिका ज्ञात है,मौके पर रोड़ रोलर की जानकारी ज्ञात है, ऐसे में अज्ञात में एफआईआर लिखना कई संदेहों को जन्म देता है..





**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** तेलिया तालाब मंदसौर में जल आवक के प्रमुख स्त्रोत बुगलिया नाले की केनाल पर एप्रोच रोड़ मामले में अज्ञात लोगों पर एफआईआर होने के बाद शहर कांग्रेस कमेटी मंदसौर के अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने पुलिस कप्तान को पत्र लिखकर अज्ञात में एफआईआर दर्ज मामले पर कई सवाल उठाए है। मंदसौर पुलिस कप्तान को 06 फरवरी को लिखे पत्र में डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने लिखा है कि पिछले 15 दिन से मंदसौर के विभिन्न समाचार पत्रों में तथा सोशल मीडिया पर लगातार खबर चल रही है कि तेलिया तालाब में जल के आवक स्त्रोत नाले पर मेडिकल कॉलेज जाने के लिए कोई एप्रोच रोड़ बनाई जा रही है। इस घटना के 13 दिन बाद पुलिस थाना वाय डी नगर मंदसौर में अज्ञात लोगों पर एफआईआर लिखी गई है। यह एफआईआर अज्ञात लोगों पर लिखना बेहद अफ़सोसजनक है। क्योंकि, इस एप्रोच रोड़ मामले में मेडिकल कॉलेज की डीन द्वारा नगर पालिका परिषद मंदसौर एवं कलेक्टर मन्दसौर को लिखा पत्र ज्ञात है। पत्र के आधार पर नगर पालिका परिषद मन्दसौर सीएमओ द्वारा कार्य करना ज्ञात है,मौके पर पीडब्ल्यूडी अधिकारी का होना ज्ञात है, रोड़ रोलर मालिक, ड्राइवर ज्ञात है, उसके बाद अज्ञात में एफआईआर होना कई सारे संदेहों को जन्म देता है।

नगर पालिका परिषद मदसौर सीएमओ द्वारा साफ सफाई के नाम पर एप्रोच रोड़ का कार्य शुरू किया गया एवं विद्युत विभाग से पोल हटाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई, यह सब ज्ञात है जो जांच का विषय है। पत्र में यह भी लिखा है कि एप्रोच रोड़ बनाने की आड़ में तेलिया तालाब में जल के आवक स्त्रोत नाले को खत्म करने का सुनियोजित षड़यंत्र करने वालों को ज्ञात करने के लिए बेहद जरूरी है कि सीएमओ नगर पालिका परिषद मंदसौर, डीन मेडिकल कॉलेज मंदसौर, रोड़ रोलर मालिक, ड्राइवर, पीडब्ल्यूडी अधिकारी तथा इस षड़यंत्र में शामिल भू माफियाओं के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

शहर कांग्रेस कमेटी मंदसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने पत्र में यह भी लिखा है कि पिछले कई वर्षो से कुछ भू माफियाओं द्वारा नगर पालिका परिषद मंदसौर के अधिकारियों,जल संसाधन विभाग के अधिकारियों,लोक निर्माण विभाग एवं अन्य विभागों के साथ मिलकर तेलिया तालाब को समाप्त करने का सुनियोजित षडयंत्र रचा जा रहा है। पूर्व में भी इनके द्वारा तेलिया तालाब के जल आवक स्त्रोत को बंद करने का प्रयास किया गया था। लेकिन, तत्कालीन विधायक श्री ओमप्रकाश पुरोहित द्वारा मौके पर जाकर सभी नालों को खुलवाया गए एवं उनकी साफ सफाई कराई गई थी। इस संबंध में सभी दस्तावेज सरकारी रिकॉर्ड में मौजूद है। इसके बाबजूद भी जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा सरकारी जमीनों पर बिना किसी पूर्व अनुमति के खुलेआम निर्माण कार्य करने वालों के खिलाफ नामजद एफआईआर नहीं करना गंभीर विषय है।

डॉ. तोमर ने कहा कि ऐसा होने से भू माफियाओं के हौसले बढ़ रहे है तथा मंदसौर शहर की सरकारी जमीनों पर लगातार अवैध कब्जे हो रहे है। अपने पत्र में उन्होंने अनुरोध किया है कि सबसे पहले एप्रोच रोड़ के लिए एप्रोच करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों, इस षड़यंत्र में शामिल भू माफियाओं, रोड़ रोलर मालिक एवं ड्राइवर व अन्य उपकरणों के मालिकों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की जावे, अगर समय रहते कार्यवाही नहीं की गई तो मजबूरन शहर कांग्रेस कमेटी मंदसौर द्वारा अपने वरिष्ठनेताओं से मार्गदर्शन प्राप्त करने के उपरांत इस मामले में जल्द क्रमबद्ध जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कालेज में 51 लाख रूपए का गबन..!

#### जांच के लिए आई तीन सदस्यीय जांच कमेटी

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज यानी मंदसौर जिले के लीड कॉलेज में 51 लाख रूपऐ के गबन का मामला सामने आया है! लोकायुक्त की शिकायत के आधार पर गुरूवार को उच्च शिक्षा विभाग का तीन सदस्यीय दल जांच के लिए मंदसौर आया और पूरे मामलें की जांच शुरु की। टीम में उच्च शिक्षा विभाग के दो ओएसडी और राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान वर्ल्ड बैंक के फायनेंस कंट्रोलर शामिल है।

पिछले कुछ माहो से मंदसौर का प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज चर्चाओं में है। पूर्व प्राचार्य की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चाओं में आऐ कॉलेज में अब ताजा मामला गबन को लेकर सामने आया है। एक साल पहले वर्ष 2024 का है, जिसमें तत्कालीन प्राचार्य एलएन शर्मा के कार्यकाल में हुई खरीदी में कई गड़बड़ी पाई गई हैं। वर्ष 2024 में प्रयोगशाला की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए मिले 45 लाख रुपए के बजट के विरुद्ध जेम पोर्टल पर 51 लाख रुपए के ऑर्डर जारी किए गए थे।

खरीदी प्रक्रिया में चौंकाने वाला तथ्य यह है कि एक रिश्वत मामले में निलंबित किए गए पीजी कॉलेज के बाबू को निलंबन के मात्र तीन दिन बाद ही बायर बनाया गया और उनकी आईडी का उपयोग किया गया। इतना ही नहीं, खरगोन ट्रांसफर हुए सहायक प्राध्यापक चंपालाल निंगवाल और मल्हारगढ़ के प्राचार्य अर्जुन सोलंकी को भी इस खरीदी में कंसाइनी बनाया गया।

वर्तमान प्राचार्य जेएस दुबे ने बताया कि टीम को पूरा सहयोग दिया जा रहा है और दो दिन की जांच के बाद टीम अपनी रिपोर्ट लोकायुक्त को सौंपेगी। इसी तरह का एक मामला दलौदा कॉलेज से भी सामने आया है। 45 लाख रुपए के प्रयोगशाला उपकरण खरीदी में चहेती फर्म को लाभ पहुंचाने के आरोप लगने के बाद खरीदी प्रक्रिया रोक दी गई है।

# दिगंबर जैन मंदिर में चोरी

### दानपेटी नहीं तोड़ पाए, तांबे का छत्र ले गए



**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अभिनंदन परिक्षेत्र के लक्ष्मीनगर में नवनिर्मित श्री अभिनंदननाथ दिगंबर जैन मंदिर में चोरी की वारदात हुई। जिसमें बदमाश तांबे का छत्र चोरी कर ले गए।

जानकारी के अनुसार लक्ष्मीनगर-पशुपतिनाथ विहार मार्ग पर स्थित श्री 1008 अभिनंदन नाथ दिगंबर जैन मंदिर पर दो बदमाशो ने धावा बोला। मंदिर का ताला चटकाकर बदमाश अंदर घुसे। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार पहले उन्होंने दानपेटी को खोलने का प्रयास किया। लेकिन, जब दानपेटी नहीं खोल पाए तो उन्हें भगवान के उपर लगाया गया तांबे का छत्र दिखाई दिया। उन्होंने छत्र निकाला और भाग निकले। मामले में शहर कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।

## कार चालक की झपकी ने लील लिया परिवार का सपना...

# एट लेन एक्सप्रेस वे पर पलटी फारच्यूनर, दो की मौत, चार घायल

### कुंभ स्नान कर प्रयागराज से गुजरात जा रहे थे कार सवार

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर गुरुवार सुबह एक फारच्यूनर कार बेकाबू होकर पलट गई। यह घटना शामगढ़ थाना क्षेत्र के हरिपुरा गांव के पास हुई। इस हादसे में गुजरात के अंकलेश्वर निवासी दंपति की मौत हो गई। जबकि, 04 अन्य लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कार चालक को रोड़ पर वाहन चलाने की पूरी आजादी दिखाई दी। जिसके बाद उसे झपकी लग गई। बस इन्हीं कुछ मिनटो ने पूरे परिवार के सपनो को लील लिया।



हादसे के मृतकों की पहचान नरेंद्र शर्मा उम्र 40 वर्ष और उनकी पत्नी मीना शर्मा उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई। नरेंद्र की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। जबकि, मीना ने मंदसौर के बड़े अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में घायल हुए लोगों में दंपति का 14 वर्षीय बेटा आयुष, मयूरी, ध्रुवी (मयूरी की बेटी) और कार चालक आदित्य शामिल हैं।

#### सभी प्रयागराज से अंकलेश्वर लौट रहे थे...

कार सवार सभी लोग प्रयागराज कुंभ मेले से वापस अपने घर अंकलेश्वर लौट रहे थे। घायलों को पहले मंदसौर के बड़े अस्पताल ले जाया गया, फिर वहां से निजी अस्पताल सिद्धी विनायक मल्टी स्पेशलीटी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। हालांकि, उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को अहमदाबाद के लिए रेफर कर दिया गया है। जहां दो लोगों की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है।



## पशुपतिनाथजी के भंडार से निकले 16 लाख से अधिक रूपए

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर की दानपेटिया खोली गई। प्रथम दिवस 16 लाख 05 हजार 300 रूपए की गणना की गई।

मंदिर प्रबंध समिति के प्रबंधक श्री राहुल रूणवाल ने बताया कि शेष राशि की गणना आज शुक्रवार 07 फरवरी को की जाएगी।

# इश्कबाज सीईओ का अपहरण...!

### तहसीलदार बना अपहर्ता, पांच पटवारी भी काम में आए, दो जिलों की पुलिस ने नागदा से छुड़वाया, एक दर्जन पर लोगों पर मामला दर्ज

**नीमच, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** तहसीलदारो का काम वैसे तो पटवारियों पर निगाहें रख निर्देश देकर राजस्व विभाग के काम करवाना है। लेकिन, इस बार एक नई तरह घटना सामने आई। जिसमें तहसीलदार ने पांच पटवारियों सहित तेरह लोगो के साथ मिलकर कथित रूप से अपहरण की वारदात को अंजाम दिया? अपहरण भी किसी आम आदमी का नहीं, बल्कि जनपद पंचायत सीईओ का। सीईओ पर आरोप लगाया गया है कि उसने इश्क किया और बाद में महिला को छोड़ दिया, शादी करने से इंकार कर दिया।

अपहरण का शिकार बने नीमच जिले के जावद जनपद पंचायत के सीईओ आकाश धारवे। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। आरोपी सीईओ को काली स्कॉर्पियो में जबरन बैठाकर इंदौर की तरफ ले भागे। नागदा में नागदा और नीमच पुलिस ने घेराबंदी कर सीईओ को छुड़ाया। इस मामले में बेटमा तहसीलदार जगदीश रंधावा, 5 पटवारी, एक महिला समेत 13 लोगो के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

नीमच पुलिस कप्तान अंकित जायसवाल ने बताया कि सीईओ धारवे के भाई ने सुबह फोन पर अपहरण की सूचना दी। तुरंत कार्रवाई करते हुए नागदा पुलिस के सहयोग से सीईओ को छुड़वा लिया गया। आरोपियों में तहसीलदार जगदीश सिंह, पटवारी प्रमोद दास, अजय सिंह, अजय उच्छावल, पिंकी सिंह के साथ 08 अज्ञात लोग शामिल हैं। सीईओ धारवे के बयान लेने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### सादी वर्दी में पुलिस ने स्कॉर्पियो को रोका...

घटना का एक वीडियो सामने आया है। इसमें काले रंग की स्कार्पियो को रोकने के लिए पुलिस सड़क पर खड़ी दिख रही है। जैसे ही गाड़ी पास आती है, सिविल ड्रेस में खड़े पुलिसकर्मी गाड़ी को रोक लेते हैं।

#### बुधवार रात धारवे के घर पहुंची थी पिंकी...

नीमच पुलिस कप्तान ने फोन पर बताया, 'प्रारंभिक जानकारी मिली है कि धार निवासी सीईओ धारवे की शादी की बात साल 2014 में धार की ही पिंकी सिंह से चली थी। पिंकी तहसीलदार जगदीश रंधावा की रिश्तेदार है। बुधवार रात पिंकी परिजन के साथ सीईओ धारवे के नीमच में ऑफिसर कॉलोनी स्थित आवास पहुंची। यहां जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिंकी और परिजन को समझाया। इसके बाद वे लोग चले गए। सुबह पिंकी और जगदीश अपने साथियों को लेकर धारवे के घर पहुंचे। उन्हें जबरन गाड़ी में बैठा लिया।



#### सीईओ बोले- मुझसे फिरौती मांगी गई...

जनपद सीईओ आकाश धारवे में बताया कि रात 12 बजे 12-13 लोग मेरे क्वार्टर पहुंचे और हंगामा करने लगे। गुरुवार सुबह 6 बजे मैं अपने भाई और परिवार के साथ क्वार्टर से घर के लिए निकला था, तभी ये लोग गोमा बाई रोड पर मेरी गाड़ी रोककर मारपीट करने लगे। इसके बाद जबरन मुझे अपनी गाड़ी में बैठा लिया। रास्ते में मारपीट और धमिकयां देते रहे। ये पूरा मामला ब्लैकमेलिंग का है। मुझसे फिरौती मांगी गई। ऐसा न करने पर धमकाया जाता था। पूरे मामले में 5 पटवारी 1 तहसीलदार शामिल हैं। महिला से मेरा संपर्क था, वह मेरे गांव की है। मेरी बातचीत होती थी, लेकिन ये नहीं पता था कि ब्लैकमेलिंग के लिए ये सब कुछ कर रहे हैं। मैं पुलिस-प्रशासन को धन्यवाद देना चाहता हूं, जो समय पर पहुंचकर सही सलामत मुझे वापस लाए।

#### सामने आया प्रेम प्रसंग, पंचायत के लिए उठाया था...

अपहरण के पीछे सीईओ साब का प्रेम प्रसंग सामने आया है। बताया जा रहा है कि सीईओ आकाश धुर्वे को वर्ष 2015 में उन्हीं के गांव गंगधार जिला धार मध्यप्रदेश की युवती से प्यार हो गया था। कुछ साल तक प्रेम प्रसंग चला और ब्रेकअप हो गया। फिर से 2023 में सीईओ और उस युवती का प्यार परवान पर चढा और अंतत बुधवार को युवती सीईओ के घर आ गई, फिर क्या था परिजन आग बबूला हो गए और सीईओ को उठाने के लिए गुरूवार को नीमच आए और फिल्मी स्टाईल से सीईओ को स्कार्पियों में लेकर जा रहे थे, तभी सक्रिय पुलिस ने नागदा के यहां पकड लिया। सूत्र बताते है कि सीईओ के साथ कुछ सचिव भी थे, जिन्हें भी साथ में आरोपी ले गए। सीईओ के समाज में अगर लड़की लड़के के यहां चली जाती है तो पंचायत बैठती है और पंचायत में ही फैसला होता है। सीईओ को पंचायत में बैठाने के लिए जबरदस्ती ले जाने की खबर सामने आई है।

# उद्योगिनी परियोजना के सिंगोली क्लस्टर का कार्यशाला के माध्यम से शुभारंभ

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सिंगोली विकास खंड में टाटा सोलर पावर के सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बाएफ लाइवलीहुड द्वारा शुरू की गई उद्योगिनी परियोजना के सिंगोली क्लस्टर का ग्राम थडोद में कार्यशाला के माध्यम से शुभारंभ किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर बढने के लिए अवसर प्रदान करना है।

आत्मनिर्भरता की ओर पहला कदम- कार्यशाला में परियोजना का शुभारंभ फीता काटकर किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विपिन सर (प्लांट प्रमुख), गौतम (प्लांट प्रमुख), वरुण चतुर्वेदी (सीएसआर मैनेजर), और दीपेश, थडोद ग्राम पंचायत के सरपंच मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए परियोजना के उद्देश्यों और इसके महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विषय विशेषज्ञों ने तकनीकी सत्रों में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। महिला स्वयं सहायता समूहों से आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर- कार्यक्रम में 80 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता, समूह बचत, लघु उद्योग स्थापना और उद्यमिता विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। महिलाओं को बचत करने, छोटे ऋण लेने, व्यापार शुरू करने और वित्तीय निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे वे अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें। महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण पहल- टाटा सोलर पावर और बाएफ लाइवलीहुड के सहयोग से संचालित यह परियोजना महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में मार्गदर्शन और आवश्यक संसाधन प्रदान करेगी। यह पहल महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और आने वाले समय में यह एक मील का पत्थर साबित होगी।



महिलाओं का उत्साह और समर्थन- कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित महिलाओं ने इस पहल की उत्साहपूर्वक सराहना की और इसे अपने भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। वे आत्मनिर्भरता की दिशा में इस कदम को महत्वपूर्ण मानते हुए इसे समाज में परिवर्तन लाने के लिए एक सकारात्मक पहल बताया। कार्यक्रम का संचालन बाएफ लाइवलीहुड के परियोजना अधिकारी आर.के. श्रीवास्तव ने और आभार प्रदर्शन सिंगोली क्लस्टर प्रभारी सुश्री कमला लोधी ने किया। इस अवसर पर अजय सेन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## श्री पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में श्री सांवरियाजी की तर्ज पर मेडिकल सेवा केन्द्र स्थापित हो-पार्षद बंसल

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। पवित्र नगरी मंदसौर में अष्टमूर्ति के रूप में विराजित विश्वविख्यात भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव की विराट प्रतिमा विराजित है। जहां दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन दर्शनार्थ आते है। जिसको देखते हुए श्री भगवान पशुपतिनाथ के मंदिर में श्री सांवरियाजी मंदिर ट्रस्ट की तरह मेडिकल सेवा केन्द्र स्थापित कर मेडिकल सुविधा दी जानी चाहिए।**



सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगर पालिका पार्षद सुनील बंसल ने सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंसीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन एवं पशुपतिनाथ मंदिर प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग को पत्र लिखकर अवगत कराया कि विश्व विख्यात भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर परिक्षेत्र में अनेक भूमि स्थल है जहां जिस प्रकार सांवरिया जी मंदिर ट्रस्ट और नाथद्वारा मंदिर ट्रस्ट एवं ऐसे ही बड़े धर्मस्थलों पर मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध रहती है। इन स्थानों पर स्वयं के व्यय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है एवं उनका स्वयं का एंबुलेंस भी वहां उपलब्ध है। निश्चित रूप से जब पशुपतिनाथ कॉरिडोर बनकर तैयार होगा तो भक्तों की संख्या में वृद्धि होगी। ऐसे में श्रद्धालुओं के लिये मेडिकल सुविधा होना चाहिए। श्री बंसल ने कहा कि गर्मी का मौसम भी आने वाला है बरसात भी आती है और ठंड भी आती है इन मौसम में हम देखने में आता है। साथ ही 1 महीना साधना का 1 महीना मेले का, शिवरात्रि ऐसे अनेक त्यौहार आते है, जिसमें भक्तों की संख्या अधिक रहती है और अधिकांश सफर से आने वाला यात्रियों को अनेक प्रकार की छोटी-मोटी जरूरत होती है जिसमें मेडिकल सुविधा मुख्य है। शहर में वह कहां पर इलाज के लिए जाएं ? मेडिकल सुविधा मंदिर प्रांगण में ही समिति को करनी चाहिए। हमने देखा है कि पिछले दिनों से.नि. शा. अधिकारी सामाजिक कार्यकर्ता श्री राजेश दुबे को मंदिर प्रांगण में हार्ट अटैक आया यदि मंदिर परिसर में मेडिकल सुविधा होती तो उन्हें तत्काल उपचार मिलता और उनकी जान बचाई सकती थी। अत: उक्त घटना से सबक लेते हुए इस प्रकार की व्यवस्था हमें करनी चाहिए। श्री बंसल ने कहा कि भगवान पशुपतिनाथ जी के नाम से पवित्र नगरी घोषित है उनके नाम से यह चिकित्सा सेवा उपलब्ध हो जाए तो इससे अच्छी उपलब्धि और क्या होगी। श्री बंसल ने इस विषय में मंदिर प्रबंध समिति की मीटिंग आहूत कर तय कर वहां पर चिकित्सा की व्यवस्था के लिए ठोस कदम उठाने की मांग कलेक्टर से भी की है।

# सभी राजस्व अधिकारी शेष ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेजी से पूर्ण करवाएं-चंद्रा

### कलेक्टर ने की राजस्व अधिकारियों की बैठक में की विभागीय समीक्षा

**नीमच, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी राजस्व अधिकारी, शेष सभी किसानों की ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री, साप्ताहिक लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करवाए। लोकसेवा गांरटी अधिनियम के तहत राजस्व विभाग की सेवाओं के प्रदाय से संबंधित कोई भी प्रकरण समय सीमा के बाह्य ना हो। आवेदकों को समय पर सेवाएं प्रदान की जाए। यदि किसी आवेदक को समय सीमा में सेवाएं प्रदान नहीं करना पाया जाएगा, तो संबंधित राजस्व अधिकारी के विरूद्ध प्रतिदिन के मान से अर्थदण्ड आरोपित किया जाएगा। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व महाअभियान के सभी पैरामीटर्स पर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करते हुए दिए।



बैठक में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेडे, एसडीएम जावद श्रीमती प्रीती संघवी, एसडीएम नीमच श्री संजीव साहू, मनासा एसडीएम श्री पवन बारिया, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे, सुश्री किरण आंजना, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे। बैठक में राजस्व की विभिन्न मदों में वसूली की समीक्षा में बताया गया, कि अब तक 4.40 करोड़ की राजस्वं वसूली की जा चुकी है। कलेक्टर ने सभी राजस्व् अधिकारियों को इस माह अंत तक शतप्रतिशत राजस्वी वसूली की लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा, कि जिन तहसीलों में मांग कम कायम है, वहॉं पर मांग कायम कर राजस्व वसूली करवाई जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि राजस्व अधिकारी नक्शा विहिन गांवों के नक्शे निर्माण एवं त्रुटिपूर्ण नक्शों में सुधार की कार्यवाही करवाए और शेष नक्शा बंटाकन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा करवाए। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत जिले में संपूर्ण राजस्व टीम ने बेहतर कार्य किया है। इसके लिए सभी राजस्व अधिकारी बधाई के पात्र है। कलेक्ट र ने रास्ता विवाद के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा दौरान निर्देश दिए, कि रास्ता विवाद का कोई भी प्रकरण तीन माह से अधिक अवधि तक लंबित ना रहे। ऐसे सभी प्रकरणों का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार नक्शा बटांकन, फार्मर रजिस्ट्री , आरओआर लिंकिंग, किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों की ई-केवायसी, आरसीएसएम में दर्ज प्रकरणों का निराकरण, राजस्व की विभिन्न मदों में बकाया राजस्व की वसूली, रास्ता विवादों के प्रकरणों का निराकरण, की भी तहसीलवार विस्तार से समीक्षा की।




## विधायक जैन ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित कृषि फार्म का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन जैन ने कृषि विज्ञान केंद्र मंदसौर द्वारा संचालित कृषि फार्म पर रबी की सीजन में बोये जाने वाली फसलों की जानकारी प्राप्त की व कृषि फार्म का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक श्री जैन के साथ विधायक प्रतिनिधिगण सादिक गोरी, सुनील बसेर ,मनोहर नाहटा भी थे। कृषि विज्ञान केंद्र मंदसौर के प्रमुख वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जी एस चुंडावत, डॉ. नीतिश गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता, श्री संतोष पटेल टेक्नीशियन द्वारा सभी फसलों की जानकारी विधायक श्री विपिन जैन को दी एवं कृषि फार्म का निरीक्षण कराया। कृषि वैज्ञानिकों ने विधायक श्री जैन को जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र मंदसौर पर रबी की सीजन में बोये जाने वाली फसलें गेहूं,चना, सरसों, मेथी, लहसुन, प्याज, कलौंजी, अलसी, धनिया, गाजर, अजवाइन की बोई गई है।, विधायक श्री जैन द्वारा श्री चुंडावत द्वारा किसानों को दी जा रही सेवाओं की सराहना की।


## डॉ संघई सोसायटी फॉर ह्यूमुनिटी के तत्वावधान में होगी काव्य गोष्ठी

**मनासा, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** देश विदेश में ख्याति प्राप्त,नगर व जिले के गौरव पुर्व सांसद एवं साहित्य कार स्वर्गीय श्री बालकवि बैरागी के 10 फरवरी सोमवार को उनके जन्मोत्सव पर डॉ व्ही एम संघई सोसायटी फॉर ह्यूमुनिटी के तत्वावधान में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन विजय मंगलम रिसोर्ट ( भाटखेड़ी बायपास) मनासा पर दोपहर 2 बजे से चार बजे तक होगी इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप मे श्री विष्णु जी बैरागी ( वरिष्ठपत्रकार एवं समीक्षक रतलाम) एवं श्रीमती माधुरी चौरसिया (प्रबंधक संचालक ज्ञानोदय , नीमच) की गौरवमय उपस्थित में होगा, उक्त जानकारी देते हुए डॉ व्ही एम संघ ई सोसायटी फॉर ह्यूमुनिटी के सचिव मंगेश संघ ई ने कहा की इस गौरवमयी कार्यक्रम में नगर के सभी काव्य प्रेमी के साथ ही नागरिकों से अपील है की उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर स्वर्गीय श्री बालकवि जी बैरागी को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करें।



## एडीएम द्वारा पशु क्रुरता अधिनियम के तहत वाहन राजसात

**नीमच, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** थाना नीमच सिटी के अपराध क्र.450/ 2024 धारा 4, 5, 6 ए, 9 म.प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 व 11(1) (घ) पशु क्रुरता अधिनियम में प्रकरण न्या यालय अतिरिक्तस कलेक्टेर एवं अतिरिक्तन जिला दण्डावधिकारी नीमच ने आदेश पारित कर प्रकरण में जप्ताशुदा वाहन आयशर क्रं. पीबी 46 एम 8164 तथा उसमें क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे 13 गाय एवं 2 बछड़े कुल 15 (गौवंश) को पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 के उल्ल्घन के फलस्वररूप मध्याप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध नियम के तहत शासन हित में राजसात करने का आदेश पारित किया गया हैं।




# कलश शोभायात्रा के साथ हुई श्रीमद भागवत कथा प्रारम्भ

### महाकुम्भ प्रयागराज भागवतभूषणाचार्य पं. श्री कृष्ण वल्लभ शास्त्री के मुखारविंद से हो रही कथा

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महाकुम्भ प्रयागराज 2025 महापर्व के उपलक्ष में मंदसौर के पद्मावती रिसोर्ट के सामने स्थित विश्व मंगल बालाजी इंदिरा कॉलोनी मे ज्ञान गंगा रूपी श्रीमद् भागवत कथा भागवत विचार संस्थान के द्वारा आयोजित की जा रही है। जिसके तहत प्रथम दिवस पर अभिन्दन कॉलोनी स्थित सांई मंदिर बालाजी धाम कलश एवं भागवत कथा पोथी शोभायात्रा प्रारंभ होकर इंद्रा कॉलोनी के विश्वमंगल बालाजी कथा पंडाल तक पहुंची।भागवतभूषणाचार्य पं. श्री कृष्ण वल्लभ शास्त्री द्वारा सात दिवसीय कथा के प्रथम दिवस की श्रीमद भागवत कथा श्रवण करवाई गई।जिसमें भागवतभूषणाचार्य पं. श्री कृष्ण वल्लभ शास्त्री द्वारा शुरुआत में नमो भगवते नम: मंत्र के साथ शुरुआत की।आगे बताया कि आज कथा का शुभारम्भ नवमी तिथि पर हो रहा है शुभारंभ के बाद इस माह का माघ स्नान सबसे बड़ा स्नान होता है। वहाँ कथा का विराम हो रहा है।यह भागवत कथा इंदिरा नगर यानी इंद्र के नगर व नानेश नगर यानी नारायण के नगर के बीच हो रही है तो अगर इसे माने तो यही त्रिवेणी का स्नान है जो ज्ञान गंगा कथा के माध्यम से मिल रहा है।भागवत ऐसी कथा है जो चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण को प्रकट कर देती है।इस कथा के शुभारंभ में भगवान श्री कृष्ण ने कहा कहने वाला मैं हूं सुनने वाला में हूं और अनुमोदन करने वाला भी मैं हूं।इस कथा के माध्यम से पंडित श्री कृष्ण बल्लभ शास्त्री ने बताया कि नित्यानंद जी महाराज जब जब वाराणसी में कथा करने गए तब सभी अन्य संत व ब्राह्मणों के लिफाफे तैयार हो गए लेकिन शरीर वही छूट गया। श्री शास्त्री द्वारा कहा गया कि मैं आपको एक प्रयोग बताता हूं कि सभी महाकुंभ में गंगा के संगम में डुबकी लगाने जा रहे हैं।लेकिन इतनी भीड़ मे डुबकी लगाने से पाप का कोई औचित्य नही इसलिये इतनी भीड़ मे ना जा पाओ तो गंगा मे डुबकी के लिए प्रयोग करे कि घर मे सुबह स्नान करने जाने के वक्त नल के नीचे पात्र रखें। गंगा मां के 12 नाम है।और गंगा माँ ने वचन दे रखा है कि नहाते वक्त मेरे एक नाम का उच्चारण भी अगर कोई जब प्राण निकले और करें तो तब मैं तुम्हारा कल्याण कर दूंगी।कुछ लोगों को झूठ बोलने से पुण्य मिलता है। वैसे महिलाये ज्यादा झूठ बोलती है।पंडित श्री कृष्ण वल्लभ शास्त्री द्वारा बताया गया कि आज से सात दिवसीय कथा मे इंदिरा कॉलोनी में ज्ञान की गंगा बहाने लगेगी। यह व्यक्ति का दुर्भाग्य है जो भागवत कथा के नाम की ज्ञान गंगा में डुबकी ना लगाए।अंत में इंद्रा कॉलोनी मे हो रही कथा के माध्यम से ही पंडित श्री कृष्ण वल्लभ शास्त्री द्वारा इस कथा में अधिक से अधिक संख्या में पधारने का अनुरोध किया गया।

# तीनों विकासखण्डों में 15-15 तालाब निर्माण के लिए स्थल चयनित करें-वैष्णव

### जिला पंचायत सीईओ ने की विकास योजनाओं, निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा

**नीमच, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मनरेगा, पंचायत प्रकोष्ठ, स्वाच्छत भारत मिशन, सीएम हेल्प लाईन, प्रधानमंत्री आवास, वाटरशेड परियोजना, एनआरएलएम, एमडीएम आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर योजनाओं में प्रगति लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए।



जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने, सीएम हेल्पच लाईन की समीक्षा में जिले की प्रगति बढाने और शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होने सीपी ग्राम, सीएम हाउस तथा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का भी त्वरित निराकरण करवाने, लेबर नियोजन की प्रगति बढाने के लिए लेबर कैम्प लगाने, नंदन फलोउद्यान, गौशाला, ऑगनवाडी भवन निर्माण, परकोलेशन टेंक, सुदुर सड़क, खेल मैदान, शांतिधाम आदि कार्यो की समीक्षा में निर्देश दिए, कि सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण कर, पूर्णता का प्रतिशत बढाए जाए। जिला पंचायत सीईओ श्री वैष्णतव ने बैठक में वित्तीय वर्ष 18-19, 19-20, 20-21 के पूर्व के अपूर्ण कार्यो की विस्तृत जानकारी तैयार कर इन कार्यो के अपूर्ण रहने के कारण सहित सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होने तीनो विकासखण्ड में कम से कम 15 -15 तालाबों के लिए स्थल निरीक्षण कर, स्थल चिन्हाकित करने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक स्वूच्छता परिसर, ओडीएफ वेरिफिकेशन, प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तसर्गत समग्र सिडिंग, पंचायत प्रकोष्ट के तहत ई ग्राम स्वराज पर जीपीडीपी, बीपीडीपी, अपलोड करवाने, ऑडिट ऑन लाईन, एनआरएलएम के तहत मुद्रा योजना, स्व सहायता समूहों के बैक खाता खोलने, एनआरएम के तहत स्वीकृत अतिरिक्त राशि के कार्यो का चिन्हांकन 15 फरवरी तक करने और कार्य की तक निकी स्वीकृति जारी करवाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत एसीईओ श्री अरविंद डामोर, ई.ई आरईएस श्री बी.एल कटिजा, जनपद सीईओ श्री राजेन्द्रं पालनपुरे, परियोजना अधिकारी, सहायक यंत्री, एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थिति थे। यह जानकारी एसीईओ जिला पंचायत श्री अरविंद डामोर ने दी है।



## नपाध्यक्ष ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कल न.पा. स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना ,सामान्य प्रशासन समिति सभापति सत्यनारायण भाभी, स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा के साथ वार्ड क्रमांक 3 व 4 की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया श्रीमती गुर्जर ने वार्ड क्रमांक 4 के संजीत नाका ब्रिज के नीचे एवं वार्ड क्रमांक 3 की कोठारी कॉलोनी मयूर कॉलोनी का आकस्मिक निरीक्षण किया और क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए

## नगरपालिका परिषद की बैठक 13 को

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि नगरपालिका परिषद की बैठक दिनांक 13 फरवरी गुरुवार को दोपहर 1:00 बजे नगरपालिका सभागृह में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित होने जा रही है इस बैठक में कुल 19 प्रकरण परिषद के विचारार्थ रखे गए हैं पार्षदगणों की बैठक की कार्यसूचि (एजेंडा) भेजा गया है तथा सभी से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया गया है

## कल गुर्जर समाज द्वारा भगवान देवनारायण जन्मोत्सव का आयोजन

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला गुर्जर समाज मंदसौर द्वारा भगवान देवनारायण जन्मोत्सव के अवसर पर कल शनिवार 8 फरवरी को भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सुबह 10:00 बजे कालाखेत देवनारायण मंदिर पर भव्य महाआरती की जाएगी उसके पश्चात सुबह 11:00 बजे जिलेभर से पधारे सभी समाजजनों द्वारा शहर में वाहन रैली निकाली जाएगी जो शहर में कालाखेत मंदिर से शुक्ला चौक होते हुए घंटाघर से बस स्टैंड, गांधी चौराहा, बीपीएल चौराहा, महाराणा प्रताप बस स्टैंड से सीधे श्रीकोल्ड चौराहा से होती हुई संजीत रोड होते हुए जग्गाखेड़ी छात्रावास तक पहुंचेगी और सम्मान समारोह के पश्चात प्रसादी वितरण के साथ समापन होगा। समाजजनों ने सभी सर्वसमाज से भगवान देवनारायण जन्मोत्सव के इस कार्यक्रम में शामिल होने हेतु निवेदन किया है। उक्त जानकारी जिला गुर्जर समाज के अध्यक्ष मोहन सिंह चौहान एडवोकेट ने दी।

## आईटीआई नीमच में युवा संगम कार्यक्रम रोजगार मेला आज

**नीमच, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (डुंगलावदा) में आज 7 फरवरी 2025, का युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार, अप्रेन्टिसशिप मेला) प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए, रोजगार प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध हैं। इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतिया कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

युवा संगम कार्यक्रम में जिले की प्रतिष्ठित कम्पनियों व जिले से बाहर की कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित होकर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएंगे। साक्षात्कार के समय कम्पनी से समस्त जानकारी अभ्यसर्थी स्वंय प्राप्त करें। मेले में इच्छुकक अभ्यमर्थी अपनी सी.वी., रिज्यूम की कॉपी साथ लेकर आएं। युवा संगम कार्यक्रम में जो कम्पनी अपनी स्टॉल लगाना चाहती है, वह मो. नम्बर 9429003300 पर सम्पर्क कर सकती हैं। जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती कमला चौहान ने जिले के अधिकाधिक युवाओं से इस कार्यक्रम का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 25 | 2150 | 2500 |
| उडद | 30 | 4899 | 6000 |
| सोयाबीन | 2923 | 3930 | 4256 |
| गैहु | 1158 | 2841 | 3072 |
| चना | 35 | 4900 | 5600 |
| मसुर | 120 | 5050 | 5912 |
| धनिया | 468 | 4599 | 6901 |
| लहसुन | 19000 | 3500 | 10500 |
| मैथी | 388 | 4201 | 5503 |
| मुंगफली | 0000 | 0000 | 0000 |
| अलसी | 1250 | 5201 | 5992 |
| सरसो | 460 | 4800 | 5690 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 50 | 9500 | 11500 |
| प्याज | 1586 | 560 | 2200 |
| कलोंजी | 0000 | 0000 | 0000 |
| तुलसी बीज | 0000 | 0000 | 0000 |
| डॉलर | 15 | 5000 | 7701 |
| तिल्ली | 4 | 7903 | 8701 |
| जौ | 99 | 2500 | 2650 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 61 | 8100 | 8901 |
| चियाबीज | 19 | 11200 | 12450 |

# समुदाय विशेष के हितग्राहियों को स्वरोजगार योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलाए-चंद्रा

**नीमच, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में समुदाय विशेष बांछडा समुदाय के उत्थाान के लिए संचालित पंख अभियान नीमच के तहत सभी नोडल अधिकारी आवंटित गांवों का नियमित भ्रमण कर, समुदाय विशेष के सदस्योंस से जीवंत संपर्क कर, उनसे नियमित संवाद कर, उन्हें शासन की विभिन्न स्वरोजगार, हितग्राहीमूलक योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोंरेट सभाकक्ष नीमच में समुदाय विशेष के ग्रामो के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक में पंख अभियान के तहत की गई कार्यवाही की समीक्षा के दौरान दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेडे, डिप्टी कलेक्टर एवं जिला अधिकारी तथा नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बांछडा समुदाय के पात्र हितग्राहियों को सूचीबद्ध कर उन्हें व्यक्तिगत एवं स्व सहायता समूह के माध्यम से मसाला उद्योग, मुर्गीपालन, बागवानी, बकरीपालन, किराना व्यवसाय, ब्यूटी पार्लर, सिलाई प्रशिक्षण आदि से लाभांवित करें। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त सहकारिता को निर्देश दिए कि वे बांछडा बाहुल्यं ग्रामों में सहकारी समितियॉं गठित करवाकर, इन समितियों के माध्यम से अधिकाधिक लोगों को जोडकर, उन्हें शासन की योजनाओ का लाभ दिलवाए। कलेक्टर ने समुदाय विशेष की अधिकाधिक बालक, बालिकाओं को आगामी शिक्षा सत्र से छात्रावासों में भर्ती करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होने नीमच की महिला बस्ती गृह में नवीन अ.जा.बालिका छात्रावास संचालन का प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी जिला महिला बाल विकास अधिकारी को दिए। बैठक में नोडल अधिकारियों ने समुदाय विशेष के ग्रामों के भ्रमण एवं आयोजित ग्राम चौपाल में की गई गतिविधियों, चिन्हित हितग्राहियों, लाभांवित हितग्राहियों एवं प्रस्तागवित गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक टी आर गून्द्रावत के खिलाफ शिकायत, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने प्रमुख सचिव को भेजा मामला

मंदसौर। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू), मध्य प्रदेश ने सहकारिता विभाग के वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक टी. आर. गून्द्रावत के खिलाफ प्राप्त एक शिकायत पर जांच के लिए आवश्यक कार्यवाही की अनुशंसा की है। इस संबंध में ईओडब्ल्यू ने शिकायत को सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव को भेज दिया है और उनसे आवश्यक विभागीय परीक्षण के बाद मामले को सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से आगे बढ़ाने का आग्रह किया है।



नेमीचंद राठौर

**शिकायत की जांच को लेकर विभागीय प्रक्रिया शुरू**–आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को आवक क्रमांक 2792/24 के तहत यह शिकायत प्राप्त हुई थी। इस पर प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए ईओडब्ल्यू ने 14 नवंबर 2024 को एक पत्र जारी कर इसे सहकारिता विभाग को भेजा है। सहायक महानिरीक्षक (अपराध) पल्लवी त्रिवेदी द्वारा भेजे गए इस पत्र में कहा गया है कि यदि विभागीय परीक्षण के बाद यह मामला आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की जांच के योग्य पाया जाता है, तो इसे सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से औपचारिक रूप से आगे बढ़ाया जाए।

**सहकारिता विभाग की भूमिका अहम** –सहकारिता विभाग को अब इस मामले की प्रारंभिक जांच करनी होगी और यह तय करना होगा कि टी.आर. गून्द्रावत के खिलाफ प्राप्त शिकायत में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े कोई स्पष्ट प्रमाण हैं या नहीं। यदि ऐसा पाया जाता है, तो मामले को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ 22(25) 92/1-10 भोपाल दिनांक 02.11.93 के तहत औपचारिक रूप से ईओडब्ल्यू को सौंपा जा सकता है।

**ईओडब्ल्यू पर कार्रवाई की निगाहें** –आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा इस शिकायत को गंभीरता से लिए जाने के बाद अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सहकारिता विभाग इस पर क्या निर्णय लेता है। चुकी मामला आर्थिक अपराध की श्रेणी का है और आगे की जांच की अनुशंसा की जाती है, तो टी. आर. गूंन्द्रावत के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इस मामले को लेकर अब सरकार और प्रशासनिक महकमे की निगाहें सहकारिता विभाग के फैसले पर टिकी हैं। यदि अनियमितताओं की पुष्टि होती है, तो यह सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।



# आगामी त्यौहारों पर जिले में शांति एवं सदभाव की परम्परा कायम रहे-श्रीमती गामड़

## विधायक परिहर की उपस्थिति एवं एडीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**नीमच, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में आगामी दिवसों में धार्मिक पर्व शब-ए-बारात, महाशिवरात्रि, होली (होली धुलेंडी, रंगपंचमी व रंगतेरस), गुड़ी पड़वा, महर्षि गौतम जयंती, चैतीचंद, ईद-उल, फितर, रामनवमी, महावीर जयंती, डॉ. अम्बेडकर जयंती, वैशाखी, पुण्य शुक्रवार (गुडफ्रायडे), परशुराम जयंती, अक्षय तृतीया का त्यौहार मनाने एवं इन त्यौहारों पर आवश्यक व्यवस्थाएं एवं प्रबंध सुनिश्चित करने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागृह में विधायक श्री दिलीप सिह परिहार की उपस्थिति एवं एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिह सिसोदिया, एसडीएम श्री संजीव साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे, जिला अधिकारी एवं जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

बैठक में एडीएम श्रीमती गामड ने आगामी अप्रेल माह तक आने वाले सभी त्यौहार आपसी प्रेम, भाईचारे के साथ परंपरानुसार शांति एवं सदभाव के साथ मनाने का आव्हान करते हुए कहा, कि जिले में सभी त्यौहार मिलजुकर मनाने की जो परंपरा है, वह कायम रहे। बैठक में नगरपालिका एवं विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि वे होलिका दहन स्थलों का भ्रमण कर, आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। बिजली के तारों और मुख्य चौराहों, सड़को के बीच में होलिका दहन ना करें, आयोजक यह ध्यान रखे। बैठक में इन त्यौहारों पर विभिन्न आयोजकों को जुलुस, रैली, अखाड़ों की विधिवत आवेदन कर, अनुमति प्राप्त करने के लिए भी एडीएम ने निर्देश दिए। एडीएम ने कहा, कि सभी आयोजक अपने आयोजन के संबंध में अपने वॉलेंटियर्स की सूची संबंधित पुलिस थाने एवं एसडीएम को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवा दें। त्यौहारों पर पंरपरागत मार्गो पर कोई वाहन खडे, ना हो, कोई भी व्यक्ति सड़क पर वाहन खडे कर, यातायात बाधित ना करें। बैठक में नगरपालिका को सड़को के गडढों की मरम्मत करवाने, पर्याप्तह प्रकाश एवं साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करवाने, विद्युत विभाग को विद्युत लाईन ठीक करवाने एंव त्यौहारों पर स्वास्थ्य संस्थाओं में आपातकालीन चिकित्साक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में श्री उमराव सिंह गुर्जर, श्री राजकुमार अहीर, श्री निलेश पाटीदार, श्री नन्दलाल मालानी, श्री प्रेमप्रकाश जैन, श्री जम्बु कुमार जैन, श्री किशोर जवेरिया, श्री गजेन्द्र यादव, श्री जनरेल सिह, श्री संजय पंवार, श्री इकबाल कुरैशी, श्री संजय पंवार, डॉ.पृथ्वीसिह वर्मा सहित शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# मारपीट कर चौकीदार का पैर तोड़ने वाले दो आरोपियों को 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमति पुष्पा तिलगाम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच के द्वारा असगंध मण्डी में फरियादी चौकीदार द्वारा शराब पीने से मना करने पर उसके साथ लठ्ठ से मारपीट कर उसका पैर तोड़ने वाले दो आरोपीगण (01) दिनेश उर्फ बादशाह पिता देवीलाल रेगर, उम्र-34 वर्ष व (02) ब्रजेश पिता देवीलाल रेगर, उम्र-37 वर्ष, दोनों निवासी-रेगर मोहल्ला, बघाना, जिला नीमच (मध्यप्रदेश) को धारा 325/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास व 5000-5000 रूपये अर्थदण्ड एवं धारा 323/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 केअंतर्गत 06-06 माह केसश्रम कारावास व 1000-1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री पारस मित्तल द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 07 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 16.04.2017 को रात्रि के लगभग 01 बजे बघाना थाना क्षैत्र के अंतर्गत आने वाली असगंध मण्डी जिला नीमच की हैं। फरियादी शंभुलाल अहीर असगंध मण्डी में चौकीदारी का काम करता था। घटना दिनांक को रात्रि के लगभग 1 बजे आरोपीगण असगंध मण्डी में शराब पी रहें थे, जिनको वहां पर शराब पीने से फरियादी द्वारा मना किये जाने दोनो आरोपीगण ने फरियादी से लठ्ठ से मारपीट करी, जिससे फरियादी के चिल्लाने की आवाज सुनकर छोटेलाल व आशुतोष ने आकर बीच-बचाव किया गया। फरियादी को घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया व उसके साथ हुई मारपीट के कारण उसके पैर में फ्रैक्चर होना पाया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपीगण के विरूद्ध थाना बघाना में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई, जिस पर से बघाना पुलिस द्वारा आवश्यक विवेचना उपरांत अभियोग-पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में फरियादी व चश्मदीद साक्षी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया एवं अर्थदण्ड की राशि में से 6000 रूपये आहत फरियादी को प्रतिकर के रूप में प्रदान किये जाने का आदेश भी दिया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री पारस मित्तल, एडीपीओ द्वारा की गई।

# ड्रोन तकनीक से फसलों के उत्पादन में होगी वृद्धि

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में मध्यप्रदेश ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति-2025 की स्वीकृति प्रदान की गई है। ड्रोन तकनीक से खेतों की सटीक स्थिति का मूल्यांकन हो सकेगा, जिससे फसलों के उत्पादन में वृद्धि होगी। फसलों में बीमारी, कीट और पर्यावरणीय प्रभावों की शीघ्र पहचान की जा सकेगी। इससे जल का कुशल उपयोग, जल संरक्षण में वृद्धि और सिंचाई लागत में कमी आएगी। ड्रोन से कृषि उत्पादकता और फसलों की गुणवत्ता में सुधार होगा। किसानों को ड्रोन प्रौद्योगिकी से नई कृषि पद्धतियों का लाभ मिलेगा।

# विश्व का सबसे बड़ा अकाउंटेंट्स का प्रोफशनल कॉनक्लेव सम्पन्न

## चार्टर्ड अकाउटेंट्स ने मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व किया



**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स में आईसीएआई का वार्षिक समारोह यशोभूमि, नई दिल्ली में आयोजित हुआ। यह विश्व का सबसे बड़ा अकाउंटेंट्स का प्रोफशनल कॉनक्लेव था। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में 7,000 से अधिक भारतीय प्रतिनिधियों, 400 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में मंदसौर जिले के प्रतिनिधित्व करते हुए मंदसौर सीए शाखा के चैयरमेन सीए दिनेश जैन, सचिव सीए विकास भंडारी, कोषाध्यक्ष सीए नयन जैन, मैनेजिंग कमेटी के सीए अर्पित नागदा, सीए विनय अग्रवाल, सीए अंकित श्रीमाल ने सहभागिता की।

इस अभूतपूर्व आयोजन का उद्घाटन करते हुए देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आर्थिक उन्नति मैं सीए का अहम योगदान है। समापन पर भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड ने कहा कि सीए, चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए नहीं, बल्कि विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है, और मैं आपसे विवेकपूर्ण मध्यस्थ, नैतिक संरक्षक और साहसिक निर्णय लेने वाला सीए बनने का आग्रह करूंगा। आपने कहा कि भारत में कुल चार्टर्ड अकाउटेंटों में से लगभग 68 प्रतिशत 40 वर्ष से कम आयु के हैं। ग्रह पर सबसे बड़े लोकतंत्र में स्थित यह वैश्विक शक्ति चमत्कार कर सकती है। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की तरफ से आयोजित सम्मेलन में उपराष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को आत्मसात करने की आवश्यकता है क्योंकि ऐसा दृष्टिकोण अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद होगा। स्वागत भाषण आईसीएआई अध्यक्ष सीए रणजीत अग्रवाल ने दिया। सीए शाखा मंदसौर के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने बताया कि इस अभूतपूर्व आयोजन में अमेरिका, कनाडा, फिलीपींस, मिडल ईस्ट, दुबई, ओमान, आबुधाबी, सिंगापुर, हांगकांग सहित 45 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस कॉन्क्लेव ने इतिहास रच दिया तथा आईसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारियों के अथक प्रयास से आयोजित यह आयोजन युवाओं के लिये प्रेरणा स्रोत बनेगा।

# सामाजिक संस्थाओं ने शासन के शराबबंदी फैसले का आभार व्यक्त किया



**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जन अभियान परिषद से चयनित नवांकुर संस्थाओं प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था मंदसौर, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लमगरी, परेश्वर युवा ग्राम विकास समिति नोगावा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बाजखेड़ी संयुक्त सामाजिक संस्थाओं द्वारा मंदसौर तेलिया तालाब पर एकत्रित होकर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भगवान पशुपतिनाथ की नगरी में शराब बंदी पर आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में क्षेत्रीय वरिष्ठ पार्षद गरिमा भाटी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने महेश्वर में जो फैसला लिया है अति महत्वपूर्ण है और मंदसौर क्षेत्र के लिए सरहनीय फैसला है इसलिए हम सब महिलाएं एकत्रित होकर माननीय मुख्यमंत्रीजी का धन्यवाद ज्ञापित करती है। सामाजिक कार्यकर्ता प्यारचंद भारती ने कहा कि यह अति महत्वपूर्ण फैसला है जो हम सब मिलकर उत्साह के साथ सरकार का स्वागत करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गेश चंदेल ने कहा कि शराबबंदी पूरे मध्यप्रदेश में होना चाहिए ताकि गरीब परिवार और मध्यम वर्ग के लोगों को इससे निजात मिले दिनेश सोलंकी ने कहा धार्मिक नगरी पशुपतिनाथ की नगरी में शराबबंदी हम सबको उत्साह के साथ सरकार का आभार व्यक्त करना चाहिए और शहर वासियों से आग्रह है। कि आप सब इस फैसले का स्वागत करें और मंदसौर में शराब मुक्त हो इस अभियान के साथ आप सभी सम्मिलित होकर आगे आए कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं से मोहन सिंह राठौड़, रतनलाल चौहान, लाला भाई अजमेरी, मंजू भावसार, पार्वती सोनी, ममता सोनी, ललिता सोनी, सुयश गर्ग हेमलता सोनी, उर्मिला सोनी, गायत्री सोनी, सुशीला सोनी, सुनीता सोनी, किरण सोनी, स्नेहलता सोनी, मनीष गर्ग कई महिलाएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

# कृषकों के भुगतान को आसान बनाने के लिये ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण एवं समस्याओं के निराकरण के लिये प्रतिबद्ध है। किसानों की उपज का भुगतान आसान बनाने के लिये प्रदेश में ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू की गई है। कृषकों को इस प्रणाली से जोड़कर प्रत्येक भुगतान की एंट्री ई-अनुज्ञा पोर्टल पर हो रही है। व्यापारियों द्वारा इस प्रणाली का इस्तेमाल कर क्रय की गई कृषि उपज के परिवहन के लिये गेट पास बनाये जा रहे हैं। रिकॉर्ड संधारण में इस प्रणाली से बहुत लाभ हुआ है।

ई-मंडी योजना, ई-अनुज्ञा प्रणाली का विस्तारित रूप है। मंडियों में इस योजना के लागू होने से मैनुअली संधारित रिकॉर्ड धीर-धीरे समाप्त हो रहा है। ई-मंडी योजना मंडी प्रांगण के अंदर कृषकों को प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल और भुगतान की प्रक्रिया को इलेक्ट्रॉनिकली कैप्चर करने की प्रक्रिया है। योजना को स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट वर्ष 2023 प्रदान किया गया है।



# टीबी मुक्त भारत अभियान में डोर टू डोर सर्वे करें, स्कैनिंग करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन सभागार में टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने निर्देश दिए की टीबी की जांच का शत- प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करें। कोई भी बिना जांच के ना रहे इस बात का विशेष ध्यान रखें। डोर टू डोर सर्वे करें, जितने भी लोगों की स्कैनिंग की जा रही है। उनकी आईडी भी जरूर बनाएं। बीएमओ से प्रतिदिन रिपोर्ट जरूर ले। कितने लोगों की स्कैनिंग हो रही है। जितने भी मरीजों की ओपीडी होती है उनकी स्कैनिंग जरूर करें। साथ में परिजनों की भी जरूर करें। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चौहान, सिविल सर्जन एवं बीएमओ मौजूद थे।

# राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में जिले की सुश्री वंशिका जाट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि. मन्दसौर के प्राचार्य ने बताया कि विकसित मध्यप्रदेश 2047 हेतु राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में सुश्री वंशिका जाट कक्षा 11 वीं शास. उत्कृष्ट उमावि, मंदसौर ने प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का एवं मंदसौर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज, श्री लोकेन्द्र डाभी एडीपीसी, सहायक संचालक एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मंदसौर श्री आनंद डाबर एवं प्राचार्य शा. उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर डॉ. विनीता प्रधान और मार्गदर्शक शिक्षिका सुश्री खुशबू शर्मा एवं श्रीमती मनीषा मुजावदिया द्वारा बहुत-बहुत बधाई दी गई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



# वैश्विक क्षमता केंद्रों के लिए भारत का उभरता शक्ति केंद्र बन रहा है मप्र

**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय बजट 2025 में निवेश, नवाचार और प्रतिभा विकास को आर्थिक वृद्धि के प्रमुख कारकों के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप, मध्यप्रदेश जीसीसी नीति 2025 वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसीएस) के लिए एक सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है।



सरकार टियर-2 शहरों में जीसीसीएस को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय ढांचा विकसित करेगी। मध्यप्रदेश पहले से ही इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जीसीसी नीति 2025 के तहत 50 से अधिक जीसीसीएस को आकर्षित करने, 37,000 से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां सृजित करने और राज्य के तेजी से बढ़ते आईटी/ आईटीईएस पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाने की योजना बनाई गई है।

बजट में निवेश, अर्थव्यवस्था और नवाचार को प्रमुख विकास चालक बताया गया है। जीसीसीनीति के तहत राज्य जीसीसी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए पेरोल सब्सिडी, इंटर्नशिप सहायता और अनुसंधान प्रोत्साहन उपलब्ध करा रहा है, जिससे वैश्विक उद्यमों को कुशल कार्यबल और अनुकूल व्यावसायिक माहौल मिल सके। सरकार वैश्विक भागीदारी के साथ पांच उत्कृष्टता केंद्र (सीओईएस) स्थापित करेगी, जो उन्नत तकनीकों में कौशल विकास को बढ़ावा देंगे। मध्यप्रदेश पहले से ही इस दिशा में पहल कर चुका है और एआई व साइबर सुरक्षा में सीओईएस का समर्थन कर रहा है। 50 प्रतिशत परियोजना लागत सब्सिडी के साथ डीप-टेक अनुसंधान और कौशल विकास को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए आई) में शिक्षा और अनुसंधान को नया स्वरूप देने के लिए 500 करोड़ रु. के ए आई उत्कृष्टता केंद्र की घोषणा की गई है। मध्यप्रदेश पहले से ही प्रति इकाई एक करोड रुपए के अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) समर्थन तथा सीओई विकास के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी की व्यवस्था कर रहा है, जिससे एआई में अत्याधुनिक नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

निजी क्षेत्र के अनुसंधान और नवाचार को गति देने के लिए 20,000 करोड रु. के कोष की घोषणा की गई है। राज्य पेटेंट सहायता, आर एंड डी अनुदान और 30 करोड रु.तक की पूंजीगत (कैपेक्स) सब्सिडी प्रदान कर रहा है, जिससे मध्यप्रदेश वैश्विक अनुसंधान और नवाचार का एक प्रमुख केंद्र बन रहा है। सरकार ने 50,000 अटल टिंकरिंग लैब्स के विस्तार का प्रावधान किया है, जिससे छात्रों में रचनात्मकता और तकनीकी कौशल को बढ़ावा मिलेगा। राज्य कौशल विकास केंद्रों को कौशल विकास और नवाचार केंद्र स्थापित करने के लिए प्रेरित कर रहा है, जिससे युवा प्रतिभाएं भविष्य के लिए तैयार हो सकें। मध्यप्रदेश पहले से ही भारत की कौशल विकास केंद्र परिवर्तन यात्रा में अग्रणी है। सक्रिय नीतियों, रणनीतिक निवेश और नवाचार-प्रेरित दृष्टिकोण के साथ, राज्य भारत का अगला वैश्विक जी सी सी शक्ति केंद्र बनने के लिए तैयार है।

# खेलकुद एवं साहित्यिक प्रतियोगिता में 19 इवेंट में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया

## कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने छात्राध्यापकों को प्रमाण-पत्र एवं शिल्ड प्रदान किए



**मंदसौर, 06 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेकटर श्रीमती अदिती गर्ग ने खेलकुद एंव साहित्यिक प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय आने वाले छात्राध्यापको डाइट में प्रमाण-पत्र एवं शिल्ड प्रदान की। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के तत्वाधान में डाइट शाजापुर में सात डाइट के मध्य आयोजित खेलकुद एंव साहित्यिक प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर डाइट मंदसौर के छात्राध्यापको ने ट्राफी प्राप्त की है। डाइट शाजापुर में 28 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक तीन दिवसीय विभिन्न प्रकार की साहित्यिक एंव खेलकुद प्रतियोगिता जैसे वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण, कहानी वाचन, कविता लेखन, शंतरज, केरम, कबडडी एंव एथेलेटिक्स आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई थी। जिसमें डाइट मंदसौर के 52 छात्राध्यापको द्वारा सहभागिता करते हुए 19 इंवेट में प्रथम एंव द्वितीय स्थान प्राप्त कर जोन स्तरीय प्रतियोगिता मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि हमें हर गतिविधि में आगे बढना है। जीवन के हर पहलु में और हर गतिविधि में ऐसा ही प्रदर्शन करें। स्वयं को बेहतर करें। सभी को बधाई एवं उज्वल भविष्य की कामना की। जोन स्तरीय प्रतियोगिताओ में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर संस्थान के प्राचार्य डॉ दिलीप सिंह राठौर एंव वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद कुमार सेठिया, व्याख्याताद्वय श्री आर डी जोशी, श्री रामेश्वर डांगी संस्थान की कार्यालय सहायक श्रीमती बंधवार द्वारा समस्त छात्राध्यापको एव संस्थान के समस्त कर्मचारीयो को शुभकामनाऍं प्रेक्षित कर उन्हे बधाई दी।


# कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-मंदसौर

Email ID-eeresmandsaur@mp.gov.in

## निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-11/2024-25

जावक क्रमांक/158/ग्रा.यां.से./वलेलि/निविदा/2024-25 मंदसौर, दिनांक-30.01.2025

**म.प्र. के राज्यपाल की ओर से निम्नांकित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

| स.क्रं. | ऑनलाईन टेण्डर नं. | कार्य का नाम | निर्माण कार्यो की अनुमानित (राशि रुपए में ) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_RES_398619 | श्री चौमुखी महादेव मंदिर ग्राम कनघट्टी जीर्णो द्वार कार्य तहसील मल्हारगढ़ | 759592 | प्रथम आमंत्रण |

**उपरोक्त निविदा के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र पोर्टल पर दिनांक 07.02.2025 से देखे जा सकेंगे। विस्तृत सूचना Key Dates तथा अन्य जानकारी वेबसाईड पर देखी जा सकती है। निविदा संबंधी समस्त संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किये जावेंगे। केवल वेबसाईट पर देखे जा सकेंगे।**

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मंदसौर

G-22689/24

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



# कपिल भावसार, एडवोकेट

हनुमंतिया रोड, कुकड़ेश्वर (म.प्र.) 458116, मो-9752636409

क्रमांक..... दिनांक-22.01.2025

## रजिस्टर्ड सूचना पत्र मय पावती

पंवार कंस्ट्रक्शन तर्फे प्रोप्राईटर श्री भंवरसिंह पिता चेनसिंहजी राजपुत निवासी गांधीनगर बालाजी मंदिर के पीछे मंदसौर तहसील व जिला-मंदसौर (म.प्र.) को हमारे व्यवहारी श्री भरत पिता मांगीलालजी सराह निवासी- मनासा, तहसील-मनासा जिला नीमच (म.प्र) से प्राप्त जानकारी एवं निर्देशानुसार इस रजि. सूचना पत्र के माध्यम से सुचित किया जाता है कि -

1 यह किं, आपकी फर्म पंवार कंस्ट्रक्शन मकान, दुकान, रोड निर्माण का कार्य करती है। आपके द्वारा हमारे व्यवहारी से निर्माण हेतु निर्माण सामग्री रुपये 1,40,000/- अक्षरी एक लाख चालीस हजार रुपये, की नगदी उधार क्रय की थी, जिन उधार रुपयों के दायित्व के पेटे आपने हमारे व्यवहारी को भारतीय स्टेट बैंक शाखा मुखर्जी चौक मंदसौर जिला-मंदसौर का एक चैक दिनांक 29/12/2024 का अपने खाता नं. 34244669743 चैक नं. 912310 रुपये 1,40,000/- अक्षरी एक लाख चालीस हजार रुपये का अपने हस्ताक्षर कर दिया था।

2 यह कि, हमारे व्यवहारी ने उक्त चैक सिकरने हेतु अपने खाते में पंजाब नेशनल बैंक शाखा-मनासा मे प्रस्तुत किया, जो चैक बिना सिकरे हमारे व्यवहारी को पंजाब नेशनल बैंक शाखा मनासा से इस आशय के नोट के साथ वापस प्राप्त हुआ कि "Payment stopped by drawer" है।

3 यह कि, आपने यह जानबुझकर हमारे व्यवहारी के रुपये हडपने की नियत से यह जानते हुए कि आपके द्वारा दिया जा रहा चेक दिनांक 29/12/2024 की राशि रुपये 1,40,000/- उक्त दिनांक को जब भी हमारा व्यवहारी जिस दिनांक को बैंक में सिकरने हेतु प्रस्तुत करेगा, तब आपके द्वारा अपने खाते से राशि का भुगतान करवाना रुकवा रखा है तथा आप अपने खाते में पर्याप्त निधि जमा नहीं कर रहे है फिर भी आपने हमारे व्यवहारी को उक्त चैक दिया है।

4 यह कि आपके द्वारा हमारे व्यवहारी को दिया उक्त चेक बिना सिकरे प्राप्त हुआ है। इस प्रकार आपने धारा 138- परक्राम्य लिखित अधिनियम एवं धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत दण्डनीय अपराध किया है।

अत: आपको इस सुचना पत्र द्वारा सुचित किया जाता है कि आप इस सुचना पत्र प्राप्ति के 15 दिवस में हमारे व्यवहारी को रुपये 1,40,000/- अक्षरी एक लाख चालीस हजार रुपये एवं इस सुचना पत्र का व्यय रुपये 1,000 अक्षरी एक हजार रुपये अदा कर विधिवत रसीद प्राप्त करे, अन्यथा हमारा व्यवहारी आपके विरुद्ध योग्य कानुनी कार्यवाही करेगा जिसमे लगने वाले समस्त हर्जे, खर्चे की मय डयूटी, पेनल्टी के जवाबदारी आपकी होगी, जो भी आपसे वसूली योग्य होगी। सो सूचित हो।

नोट :- इस सुचना पत्र की एक प्रति साक्ष्य हेतु हमारे कार्यालय में सुरक्षित रख ली है।

हस्ताक्षर व्यवहारी, तर्फे अधिवक्ता
(कपिल भावसार, एडव्होकेट मनासा)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in